जिला पर्यावरण
सुधार समिति

# जिला पर्यावरण सुधार समिति


## वार्षिक प्रतिवेदन 2019-2020




संस्था द्वारा जिला मुख्यालय के केन्द्रीय विद्यालय में जिलेभर की 56 एकल बेटी वाली माताओं का डा0 घासीराम जी के सहयोग से शॉल व पौधा भेंट कर व प्रत्येक बेटी को 1100रु का चैक देकर सम्मानित किया गया

राजकीय महल उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय के सामने, वार्ड न. 37 झुन्झुनू (राज.) 333001
Tel.& Fax No. :- 01592-230952, 239089 E-mail : jzpss_cl@yahoo.co.in, jjnjzpss@gmail.com, childline1098churu@gamil.com
Website :- www.jzpss.org

# Executive Committee members



Sh.Aiajaz Nabi
President
9414800961



Sh. Rajesh Agarwal
Secretary
9414080952



Sh.Raviprakash Agarwal
Treasurer
01593-22058



Dr. Bhawana Sharma
Vice President
7877385350



Smt. Sultana Bano
Exe.Member
9829462648



Smt. Kiran Biyala
Exe. Member
9414332111



Sh. Anwar Ali
Exe.Member
9414305925



Sh. Kishan Verma
Exe.Member
9887200546



Sh. Liyakat Ali
Exe. Member
9987426786

# मेरी और आपकी बात...



## आम आदमी के जीवन में खुशी एवं समृद्धि लाने का हर संभव प्रयास

बरसों पहले शुरू की गई झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति ने जिला पर्यावरण सुधार समिति बनने तक इस साल 28 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह सब आप सभी के सहयोग व आशीर्वाद का फल है। संस्था का 28वां वार्षिक प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है। हमने 15 अगस्त 1991 को इस संस्था की स्थापना की थी और 17 फरवरी 1992 से विधिवत रूप से इसका रजिस्ट्रेशन करवा कर पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य शुरू किया था। जल्दी ही आभास हुआ कि समाज में और भी गंभीर मुद्दे हैं, जिनके लिए संस्था को कार्य करने की आवश्यकता है। इसके बाद हमने कई क्षेत्रों में भागीदारी निभानी शुरू की और आज यह संस्था एक लहलहाता पेड़ बन चुका है। संस्था समाज के गंभीर मुद्दों को लेकर सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर रही है, ताकि आम जन का सर्वांगीण विकास हो सके। संस्था भारत सरकार, राज्य सरकार व समाज की भागीदारी से आम आदमी के जीवन में खुशी एवं समृद्धि लाने का हर संभव प्रयास कर रही है।

संस्थान के लिए वर्ष 2019-2020 काफी चुनौतीपूर्ण रहा लेकिन चुनौतियों के साथ अनेक उपलब्धियां भी हमने प्राप्त कीं। राज्य एवं जिला स्तर पर प्रशासन के साथ मिल कर काम करना तथा आम जन के साथ गहरा जुड़ाव संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि रही। हमारा प्रारम्भ से ही प्रयास रहा है कि सरकार तथा आमजन के बीच सशक्त कड़ी बनते हुए दोनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य निरंतर जारी रहे। इसके लिए हम प्रयासरत हैं।

संस्थान बाल अधिकार, महिला उत्पीड़न, स्वास्थ्य पोषण, आजीविका, पीने का पानी, शिक्षा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा तथा अनाथ एवं बेसहारा बच्चों, स्वच्छ भारत अभियान, हस्त शिल्पियों को आगे बढ़ाने सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर परियोजनाओं का सफलता पूर्वक संचालन कर रहा है।

समिति ने संविधान एवं उद्देश्य के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कार्य किया है। देश-प्रदेश व जिला स्तर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं एवं विभाग के सहयोग से समन्वय स्थापित किया। व्यापक जन भागीदारी से सभी स्तर पर संस्था की सुदृढ़ साख बनी है। संस्था के कार्यों के लिए समय-समय पर जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाता रहा है, जिससे और भी मजबूती

से समाज के लिए उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती रही है। संस्था द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों एवं परियोजना के सफल क्रियान्वयन में समुदाय, केन्द्रीय, राज्य तथा झुंझुनूं, चूरू, सीकर व अजमेर जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहा है, जिसके प्रति मैं उनका आभार व्यक्तकरता हूं। इनके अतुलनीय सहयोग की अपेक्षा भविष्य में भी करता हूं। मैं संस्था के समस्त सदस्यों व कर्मठ कार्यकर्ताओं के सहयोग तथा मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं।

वर्ष 2019-2020 का वार्षिक प्रतिवेदन आपको सादर समर्पित है। आगामी वर्षों मे भी सभी को साथ लेकर समाज के हर वर्ग तक पहुंच कर उनका सर्वांगीण विकास करना हमारा ध्येय है। मैं पुनः सभी सहयोगियों का तहेदिल से संस्था के 28 वर्ष पूर्ण होने पर आभार प्रकट करता हूं।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ।

सचिव
राजेश अग्रवाल



(चूरू जिला कलक्टर श्री संदेश नायक, चाइल्ड हैल्प लाइन चूरू का आकस्मिक निरीक्षण करते हुये व साथ ही जिला मुख्यालय झुंझुनूं में संचालित स्वाधार योजना के आवासीय कक्षा का निरीक्षण करते महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक श्री विप्लव न्यौला व सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक श्री नरेश बारोठिया)

## संस्थान द्वारा संचालित परियोजनाएं एवं कार्यक्रम का विवरण



# म्हारी लाडो
# म्हारो गुरूर

बेटियां हमारा मान होती हैं, बेटी को बचाने, उनको पढ़ाने, उनके सर्वांगीण विकास के लिए संस्था अग्रणी रही है। 1 नवंबर 2019 को भामाशाह प्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. घासीराम वर्मा के सहयोग से जिला मुख्यालय स्थित केन्द्रीय विद्यालय में जिलेभर की ऐसी 56 मांओं को शॉल ओढ़ा कर व पौधा लगा गमला भेंट कर व बेटियों को 1100 रुपए का चैक दिया जिन्होंने एक बेटी के जन्म के बाद उसे ही बेटा मान और संतान को जन्म नहीं दिया। समाजसेवी गणितज्ञ डॉक्टर घासीराम वर्मा और संस्था अध्यक्ष कमरूदीन शाह दरगाह के गद्दीनशीन एजाज नबी ने इन महिलाओं और बेटियों को सम्मानित किया। संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि वो लोग किस्मत वाले होते जिन्हें बेटियां नसीब होती हैं। कार्यक्रम में गायक जाकिर अब्बासी ने 'इतनी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो ना' गीत प्रस्तुत किया, सनराइज एकेडमी के बच्चों ने बेटी के महत्व को उजागर करते हुए संगीतमय नाटिका प्रस्तुत की।







एकल माताओं को पौधा व शॉल ओढ़ाकर व बेटियों को 1100 रु. का चैक देकर सम्मानित करते प्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. घासीराम वर्मा व संस्था सचिव राजेश अग्रवाल



# मेरी सांस-मेरा पेड़

## इनसे ही मिलती हैं हमको सांसें

संस्था ने अपने नाम को साकार करते हुए मेरी सांस-मेरा पेड़ अभियान शुरू कर झुंझुनूं शहर में पौधे लगे करीब 5000 गमले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर रखवाए। इस अभियान में आम जन जुड़ा, लोग प्रकृति संरक्षण में आगे आए और इसमें बढ़-चढ कर हिस्सा लिया। हमारी समिति का यह अभियान झुंझुनूं शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने में मील का पत्थर साबित हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत तत्कालीन कलेक्टर रवि जैन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के कार्यक्रमों के तहत और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिन पर अंबेडकर मार्केट में की। समारोह की गरिमामयी अध्यक्षता चंचलनाथ टीले के महंत ओमनाथ महाराज ने की। उन्होंने कहा कि वृक्ष भेंट करना जीवन भेंट करने के समान है।

कमरूदीन शाह दरगाह के गद्दीनशीन एजाज नबी ने कहा कि वृक्ष समस्त धर्मों में पूजनीय व वंदनीय है। कार्यक्रम में पूर्व पालिका उपाध्यक्ष पवन पुजारी, बाबूभाई पार्षद, लियाकत अली सैयद, श्रीमती तेजस्विनी शर्मा, डॉ. भावना शर्मा, खादी समिति सचिव रिछपाल किरोड़ीवाल, वैश्य समाज के जिला महामंत्री वीरेंद्र शाह, कोषाध्यक्ष दिलीप हंसासरिया, उपाध्यक्ष ललित टीबड़ा, जिला वैश्य समाज के युवा जिला अध्यक्ष अंकुर मोदी, सुलताना बानो, डॉ. जेपी बुगालिया, कैप्टन मोहनलाल, संस्था लेखाकार भंवर लाल मेघवाल, चाइल्ड हेल्पलाइन चूरू जिला समन्वयक कपिल भाटी आदि ने भागीदारी निभाई। संस्था की परियोजना समन्वयक बबीता चौधरी भी मौजूद रही। संस्था द्वारा 'मेरी सांस मेरा पेड़' अभियान को आगे बढ़ाते हुए 30 नवंबर 2019 को हवाई पट्टी सर्किल पर पौधे लगे गमले दिए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर





मेरी सांस मेरा पेड़ अभियान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते हुए व व्यावसायिक प्रतिष्ठान के दुकानदारों को गमला वितरण करते जिला कलेक्टर रवि जैन

परिषद के उप सभापति राकेश झाझड़िया थे।

अध्यक्षता पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुरेंद्र सैनी ने की। जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने कहा कि एक ओर कल कारखाने, सड़कें, पुल विकास का प्रतीक है वहीं उनसे होने वाले विकास में पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाएं व व्यक्ति साधुवाद के पात्र है। अभियान के तहत 500 पौधे लगे गमले क्षेत्र के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर रखे गए। प्रतिष्ठानों के मालिकों ने उत्साह से इन्हें संभालने का जिम्मा लिया। कार्यक्रम में डॉ. घासीराम समाज सेवा समिति के सचिव हरिशचन्द्र चाहर, वेद प्रकाश शास्त्री, पार्षद मोहम्मद सलीम कबाड़ी, लियाकत अली, डॉ. भावना शर्मा, सुलताना बानो धनूरी, बबीता चौधरी, कान सिंह, संजय, पवन कुमावत, देवीदत ने गमलों का वितरण किया।

शहर के भगवानदास खेतान अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभकरण कालेर व उनकी टीम को अस्पताल परिसर के प्रत्येक चिकित्सक के कक्ष में एक-एक पेड़ लगा गमला संस्था सचिव राजेश अग्रवाल, वीरेंद्र शाह, ललित टीबड़ा, सीपी जालान, बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सादिक सैयद की मौजूदगी में भेंट किया गया। दीपावली पर शेखावाटी के गांधी समाजसेवी डॉक्टर घासीराम वर्मा के आवास पर पौधारोपण कर उनका जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जीएम ज्वैलर्स के महेश सोनी, सीए जिमी मोदी, संस्था समन्वयक बबीता चौधरी, डाक्टर हनुमान प्रसाद, बीडी शांति आदि मौजूद रहे। जीएम ज्वैलर्स द्वारा डाक्टर घासीराम जी को दो मुड्डे भेंट किए गए।






व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर पौधा वितरण करते नगर परिषद उप सभापति राकेश झाझड़िया व भगवानदास खेतान अस्पताल में संस्था के कार्यकर्ता पौधा वितरण करते हुए।





पौधारोपण करते संस्था सचिव राजेश अग्रवाल, डॉक्टर घासीराम वर्मा व अन्य

# 'अपना स्वाधार गृह'

## यहां मिल रहा निराश्रित नारियों का आश्रय

संस्था ने हाल के वर्षों में महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने के लिए अनेक प्रकल्प चलाए हैं। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित व सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की अभिशंसा से संस्था को पीड़ित व बिना आश्रित महिलाओं के लिए स्वाधार गृह योजना की स्वीकृति मिली है। इसका संचालन 18 मार्च 2020 से शुरू किया गया है।

इसका उद्घाटन महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला व सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नरेश बारोठिया ने किया। स्वाधार गृह का नाम 'अपना स्वाधार गृह' रखा गया जिसमें पीड़ित व निराश्रित महिलाओं को घर जैसे माहौल में रहने की सुविधा निशुल्क दी जा रही है।





अपना स्वाधार गृह का फीता काटकर अतिथि व अतिथियों के साथ गृह का समस्त स्टॉफ

हमारे अन्य प्रकल्प

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र : चूरू

संस्था ने अपने अब तक के कार्यकाल में अनेक प्रकल्प चलाए हैं। अपने काम का विस्तार झुंझुनूं से बाहर निकल कर प्रदेश के अनेक जिलों में किया है। इसी कड़ी में राजस्थान सरकार के उपक्रम समेंकित बाल विकास सेवाएं के सौजन्य से चूरू जिला मुख्यालय पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर व झुंझुनूं की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं को पुनश्चर्या व कार्य प्रशिक्षण के माध्यम से बाल विकास, भोजन एवं पोषण, सामुदायिक सहभागिता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका, टीकाकरण एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बेहतरीन प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रदान करना है। वर्ष 2019-20 में 8 प्रशिक्षण बैच में 3 कार्य प्रशिक्षण के माध्यम से 93 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं 5 सहायिका पुनश्चर्या प्रशिक्षण में 212 सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

### इस तरह रहा 2019-20 में प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्र.स. | मानदेय कार्मिक | कार्य प्रशिक्षण | | पुनश्चर्या प्रशिक्षण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बैच संख्या | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | बैच संख्या | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
| 1 | आंगनबाड़ी कार्यकर्ता | 3 | 93 | - | - |
| 2 | सहायिका | - | - | 8 | 212 |





इन शिविरों में प्रशिक्षण प्राप्त करने आई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्य अनुदेशिका के नेतृत्व में नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सर्जनात्मक गतिविधियों में मिट्टी, कागज व कपड़े के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के लिए रैली निकाली। एक दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग के सहयोग से किया गया। इसके तहत 8 अगस्त 2019 को स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की कार्यशाला रखी गई, 09 अगस्त 2019 को धर्म गुरुओं, छात्र संघ पदाधिकारी व विधि छात्रों की कार्यशाला रखी गई। इसमें प्रतिनिधियों ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को आगे बढ़ाने के प्रयासों और तरीकों पर विचार प्रकट किए।





# चाइल्ड हैल्प लाइन 1098





संस्थान द्वारा भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा चाइल्ड इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से राजस्थान के चूरू जिले में चाइल्ड लाइन 1098 संचालित की जा रही है।

इस चाइल्ड लाइन पर वित्तीय वर्ष में कुल 392 परिवाद आए। इनमें भिक्षावृति के 41, बाल विवाह के 22, बाल मजदूरी के 34, पालनहार की समस्या के 94, गुमशुदा के 46, शिक्षा संबंधी 75, दुर्व्यहार के 48, चिकित्सा संबंधी 17, आश्रय गृह के बारे में 3 परिवाद आए।

## क्या है चाइल्ड लाइन 1098 हैल्पलाइन

दरअसल, चाइल्ड लाइन 1098 जरूरतमंद बच्चों के लिए भारत की पहली 24 घंटे चलने वाली नि:शुल्क राष्ट्रीय आपातकालीन फोन सहायता है। इसकी सेवा का उपयोग करने के लिए टोल फ्री नंबर 1098 डायल करना होता है। हम केवल बच्चों की आपातकालीन जरूरतों के लिए जवाब देय नहीं हैं, बल्कि उनके लंबे समय तक देखभाल और पुनर्वास के लिए भी कार्य करते हैं।



संस्था कोर्डिनेटर कपिल भाटी चाईल्ड लाईन 1098 के बारे में जानकारी देते हुए।

चाइल्ड लाइन 1098 के तहत वर्ष 2019-20 में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह

संस्था की ओर से 07.11.2018 से 17.11.2019 तक का चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह आयोजन किया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिन पर 14 नवम्बर 2019 को हमारी टीम द्वारा बच्चों के प्रति प्रेम भाव रखने वाले चाचा नेहरू की वेशभूषा प्रतियोगिता रखी गई। इसमें पहले तीन स्थानों पर आए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता

संस्था की चाइल्ड लाइन टीम ने कच्ची बस्ती में जाकर बच्चों के मनोरंजन के लिए पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता रखी। प्रतियोगिता में बच्चों ने खूब मौज मस्ती की। बच्चों के बीच प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें पहले तीन स्थानों पर रहे बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## ओपन हाउस में होती है मन की बात

चाइल्ड हैल्पलाइन टीम हर महीने ओपन हाउस कार्यक्रम करती है। इसमें बच्चों के बीच जाकर टीम 1098 के बारे में विस्तार से जानकारी देती है। सामान्य रूप में सभी बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए काम करते हैं। लेकिन विशेष ध्यान देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों पर है, वो बच्चे जो अधिक कमजोर वर्गों में शामिल हैं।

## चाइल्ड लाइन संवारती है ऐसे बच्चों का जीवन

-स्ट्रीट बच्चों और सड़कों पर अकेले रहने वाले बच्चे

-बाल मजदूर असंगठित और संगठित क्षेत्र में काम करने वाले बच्चे



चाइल्ड लाईन दोस्ती सप्ताह के तहत संस्था कोर्डिनेटर कपिल भाटी व बाल कल्याण समिति के सदस्या श्रीमती योगिता प्रजापत व टीम लीडर जयकरण द्वारा बच्चो के हाथ दोस्ती सप्ताह का रिबन बांधते हुए।)

-घरेलू नौकर

-परिवार, स्कूलों या संस्थानों में शारीरिक, यौन, भावनात्मक शोषण से प्रभावित बच्चे।

-बच्चे, जिन्हें भावनात्मक समर्थन और मार्गदर्शन की जरूरत है

-व्यावसायिक यौन कर्मियों के बच्चे

-अवैध एवं देह व्यापार के शिकार बच्चे

-माता पिता या अभिभावक द्वारा परित्यक्त बच्चे

-गुम बच्चे

-बच्चे, जो मादक द्रव्यों के सेवन के शिकार हैं

-दिव्यांग बच्चे

-कानून के साथ संघर्षरत बच्चे

-संस्थानों में काम करने वाले बच्चे

-मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चे

# साप्ताहिक आवासीय प्रशिक्षण

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग चूरू के सहयोग साप्ताहिक आवासीय प्रशिक्षण 16.03.2020 से 20.03.2020 तक संचालित किया गया। योजना में चयनित व्यक्तियों को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ने के लिए आवासीय प्रशिक्षण दिया गया।





चाचा नेहरू की वेशभूषा में बच्चों को नेहरू जी के बारे में बताते हुए व बच्चे पतंगों के साथ मस्ती करते हुए।

# महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र

महिला अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के सहयोग से संस्था द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र महिला पुलिस थाना झुंझुनूं व अजमेर जिले में संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं का शोषण रोकना, उनको अन्याय व घरेलू हिंसा आदि अपराधों से बचाना तथा समझाइश व परामर्श के माध्यम से न्याय दिलवाना है। इस केंद्र में हमें 1 अप्रैल 2019 से 19 सितम्बर 2019 तक इस वित्तीय वर्ष में 89 प्रकरण प्राप्त मिले। इनमें से 85 परिवादों कानिस्तारण कर दिया गया। महिला उत्पीड़न अत्याचार से संबंधी 150 प्रकरणों में समझौता करवाया गया। 3 परिवाद की एफआईआर दर्ज करवाई गई। अजमेर में संस्था द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र में कुल 514 प्रकरण मिले। समझाइश से सभी प्रकरणों में समझौता करवाया गया। घरेलू हिंसा, शारीरिक हिंसा, भावनात्मक हिंसा, आर्थिक हिंसा व दहेज सम्बन्धित परिवाद आए।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र झुंझुनूं द्वारा बगड़ निवासी मानसिक रूप से बीमार तथा तलाकशुदा सुनिता पुत्री प्रभातीराम को कलेक्टर दिनेश कुमार यादव द्वारा 10 हजार रुपए की सहायता दिलवाई गई।

## वर्ष 2018–2019 में आए परिवादों का विवरण

| क्र.स. | जिले का नाम | कुल प्राप्त प्रकरण | निस्तारित प्रकरण | लम्बित प्रकरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | झुंझुनूं | 89 | 85 | 4 |
| 2 | अजमेर | 514 | 514 | 0 |





पीड़ित महिला को उसकी बेटी से मिलाती व महिलाओं परिवाद के सम्बन्ध में समझाइश करती परामर्शदाता

# महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने में संस्था की पहल

NABARD

## महिला स्वयं सहायता समूह

### राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड )

विभिन्न विभागों के सहयोग से सीकर व झुंझुनूं जिलों में महिला स्वयं सहायता समूह का गठन, स्वरोजगार से जोड़ना, प्रशिक्षण आदि कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न कर रही है, स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण बढ़ाने में सफल सिद्ध हुये है।

| राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड ) के सौजन्य से गठित समूह | | | |
|---|---|---|---|
| | समूह गठन | लाभान्वित सदस्या | बैंक ऋण |
| जिला सीकर | 80 | 800 | 50 समूह |
| जिला झुंझुनूं | 17 | 170 | 02 समूह |





भारतीय स्टेट बैंक के सीजीएम द्वारा समूह की महिलाओं को ऋण वितरित करते हुए

नाबार्ड के सीजीएम का संस्था द्वारा गठित समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत करते हुये

# दीन दयाल अंत्योदय योजना
# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM)

संस्था द्वारा सीकर जिले में विभिन्न नगर पालिकाओं एवं नगर परिषद में भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा संचालित दीन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत शहरी गरीब, कचरा बीनने वाले, हस्तशिल्पि, रिक्शा चालक, फुटपाथ विक्रेताओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर बचत करना, बैंक से लेन-देन करना, रोजगार के लिए ऋण, बीमा आदि कार्य सफलता पूर्वक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम से विभिन्न गरीब परिवारों तक लाभ पहुंचाया गया व महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।

दीन दयाल अन्तोदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन (DAY-NULM) के सौजन्य से गठित समूह

| नगर निकाय का नाम | समूह गठन | लाभान्वित सदस्या | रिवॉल्विंग फण्ड वितरित | बैंक ऋण | ए.एल.एफ गठन व पंजीयन | ए.एल.एफ रिवॉल्विंग फण्ड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नगर परिषद सीकर | 20 | 200 | 20 | 07 समूह | 04 | 02 |
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर | 20 | 200 | - | 15 समूह | 01 | - |
| नगर पालिका खण्डेला | 03 | 30 | 25 | 10 समूह | 03 | - |
| नगर पालिका नीमकाथाना | 08 | 80 | - | 15 समूह | 01 | - |
| नगर परिषद चूरू | - | - | - | 01 समूह | 02 | - |

संस्था द्वारा संचालित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों में कुछ समूह स्वयं की बचत करने में अव्वल रहे हैं। उक्त समूह अपनी बचत का अपने सदस्यों में ऋण देकर कम ब्याज पर अपनी आपसी जरूरतों को समय पर पूरा कर रहे हैं। अपना स्व रोजगार बढ़ाने के लिए तुरन्त ऋण राशि प्राप्त कर रहे जिससे समूह की महिलाओं के जीवन स्तर में काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। समूह की महिलाएं बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर समूह से उधार लेकर रुपए खर्च कर रही है। एवं अपने रोजगार को बढ़ा रही है। स्वयं सहायता समूह से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहयोग मिला है।




(ब्लॉक लेवल बैंकर कमेटी की बैठक स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष के घर पर आयोजित की गई जिसमें सभी बैंको के प्रबंधक, लीड बैंक अधिकारी , जिला विकास प्रबंधक संस्था कोर्डिनेटर राजकुमार कुमावत आदि उपस्थित थे।) (जिला विकास प्रबंधक एम.एन. मीना के साथ संस्था कोर्डिनेटर राजकुमार द्वारा समूह की महिलाओ के साथ बैठक करते हुये)

संस्था द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों को समय-समय पर वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम, तकनीकी विकास उन्नयन कार्यक्रम, उत्पादन एवं विपणन प्रशिक्षण तथा सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षण उपलब्ध करवाकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य संस्था कर रही है सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी संस्था द्वारा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जागरूक करने के लिए किये जा रहे हैं। इन सभी कार्यक्रमों से महिलाओं को आत्मबल प्राप्त हुआ है एवं समूह की अधिकांश महिलाएं अपना स्वरोजगार शुरू कर आमदनी प्राप्त कर रही है।

जो इस प्रकार है:-

| क्र.स. | समूह का नाम | | गांव | ब्लॉक | आय सर्जन गतिविधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भीमराव | SHG | श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर | पतल डोना |
| 2 | शंकर | SHG | श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर | राखी एवं सिलाई करना |
| 3 | राज | SHG | प्रितमपुरी | नीमकाथाना | फैन्सी स्टोर एवं सिलाई |
| 4 | महारानी | SHG | दिवराला | श्रीमाधोपुर | दुध डेयरी |
| 5 | विनायक | SHG | रींगस | रींगस | किराणा एवं बुक डिपो |
| 6 | राणी सती | SHG | श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर | ब्यूटी पार्लर |
| 7 | अमन | SHG | सीकर | सीकर | लाख की चुड़िया |
| 8 | रहिमन | SHG | र्धीगपूर | दांतारामगढ़ | लाख की चुड़िया व फैन्सी स्टोर |
| 9 | मोनू | SHG | खाण्डेला | खाण्डेला | मंगोड़ी पापड़ |
| 10 | राज | SHG | खाण्डेला | खाण्डेला | बुंधी बंधेज व सिलाई |

## राजीव गांधी शिशु पालना गृह (क्रेच)

संस्था बाल अधिकारिता विभाग जयपुर के सौजन्य से राजीव गांधी शिशु पालना गृह परियोजना के तहत बुहाना तथा खेतड़ी पंचायत समिति के क्षेत्र में शिशुपालना गृहों का संचालन कर रही है। इनमें कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष तक 50 से अधिक बच्चों के पोषाहार, शाला पूर्व शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य की देखभाल करने का कार्य कर रही है। संस्थान द्वारा बच्चों की माताओं को स्वयं सहायता समूहों से भी जोड़ा गया है।

## कोरोना वायरस

कोरोना वायरस को पूरे विश्व में वैश्विक महामारी घोषित किया गया है। यह वायरस चीन के वुहान शहर से होकर पूरे विश्व में फैल गया है। इस वायरस ने भारत में पैर पसार लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 22 मार्च 2020 को जनता कर्फ्यू लगाया गया। इसका संस्था ने पूर्ण समर्थन किया। संस्था के कार्यकर्ताओं को पाबंद किया गया। आम नागरिकों को भी जागरूक किया गया। संस्था द्वारा झुंझुनूं शहर में 1000 मास्क का निःशुल्क वितरण किया जा चुका है। चूरू जिले में संस्था के कार्यकर्ताओं ने वहां की कच्ची बस्तियों में निःशुल्क मास्क व सैनेटाइजर का वितरण किया।

# बालिका आश्रय गृह

संस्था द्वारा चूरू जिला मुख्यालय पर बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान-सरकार से पंजीकृत है बालिका आश्रय गृह का मार्च 2015 से संचालन किया जा रहा है। इसमें 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 तक कुल 37 बच्चियां आई जिसमें से 2 आसाम, 1 बच्ची उड़ीसा से बाल तस्करी, 3 महाराष्ट्र, 1 उतरप्रदेश, 3 हरियाणा से पलायन केस के संबंध में आई। राजस्थान भर से 27 बालिकाएं प्रेम प्रसंग, पलायन, गुमशुदा व भिक्षावृति के मामलों में तथा 8 नाबालिग बालिकाएं घरवालों से नाराज होकर आई। कुछ को बालिकाओं को चाइल्ड लाइन व पुलिस के सहयोग से संबंधित बालिका गृह बीकानेर, महाराष्ट्र व हरियाणा भिजवाया गया। शेष 29 बालिकाओं को समझाइश से उनके घर भिजवाया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिका स्वास्थ्य जांच व जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बालिकाओं व कच्ची बस्तियों की बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच करवाई गई।





बालिका आश्रय गृह में आई बालिका को समझाईश के माध्यम से उसके परिवार को सुपुर्द करते संस्था कार्यकर्ता बालीकाओं के स्वास्थ्य की जांच करते डॉक्टर

# नवजीवन योजना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग झुंझुनूं के आदेश अनुसार राजस्थान भर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चलाई गई नवजीवन योजना के तहत कंजर, सांसी, नट, भांड, ढोल, डोमिया, बावरिया, चोपदार, डोम, राणा मोगिया, बेडिया, भगेरिया, सिरकीवा आदि जातियों के संपूर्ण विकास के लिए बच्चों को शिक्षा, युवाओं को आवश्यकता अनुसार हुनर प्रशिक्षण, ऋण सहित राजकीय सुविधाओं के लिए झुंझुनूं पंचायत समिति क्षेत्र, झुंझुनूं नगर परिषद, नगर पालिका बगड़ के चिन्हीकरण के लिए संस्था को अधिकृत किया गया। इसके तहत संस्था द्वारा 254 परिवारों का चिन्हीकरण किया गया।



संस्था कार्यकर्ता द्वारा नवजीवन योजना के तहत चिन्हित परिवारों का सर्वे करते हुए

# ई-शक्ति परियोजना

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बजावा व अडूका ग्राम में ग्राम स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नाबार्ड से जिला विकास प्रबंधक आलोक एन. पुष्पक द्वारा महिलाओं के गठित स्वयं सहायता समूहों को ई-शक्तिप्रोजेक्ट में डिजिटलाइजेशन में माइक्रो पेंशन स्कीम के बारे में समझाया गया कि 12 रुपए व 330 रुपए सालाना में प्रधानमंत्री सुरक्षा व प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना से 2 लाख रुपए का बीमा करवाया जा सकता है।

सभी महिलाओं के जनधन योजना के तहत खुलवाए गए खाते को माइक्रो बीमा योजना से जोड़ा जाए ताकि सभी को फायदा मिल सके। संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि ई-शक्ति प्रोजेक्ट के तहत सभी महिलाएं अपने बैंक खाते आधार व पेन कार्ड से जुड़वाएं। कभी भी अपने एटीएम के पिन कार्ड व मोबाइल में आने वाले ओटीपी नंबर किसी से भी साझा न करें ताकि किसी भी प्रकार की धोखाधडी से बचा जा सके। इस अवसर उच्च गुणवता वाले समूहों की अध्यक्ष व सचिव को संस्था के बैग देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुमारी उषा तनान, वन स्टॉप सखी सेन्टर से श्रीमती मंजू शर्मा, अमूल काकड़े बैंक ऑफ बड़ौदा मंड्रेला, बजावा सरपंच श्रीमती कविता आदि मौजूद रहे। मंच संचालन संस्था जिला समन्वयक महेश कुमार सिरोवा द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय महिला कोष मुख्य ऋण योजना

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सौजन्य से संस्था द्वारा राष्ट्रीय महिला कोष मुख्य ऋण योजना के तहत संस्था द्वारा संचालित समूह की महिलाओं को आय सर्जन गतिविधि को बढ़ावा देने के उद्देश्य के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है।


इस दौरान सीकर, झुंझुनूं व चूरू जिले के उत्कृष्ट 40 स्वयं सहायता समूहों की 110 महिलाओं को स्वरोजगार बढ़ाने के लिए कुल चौतीस लाख तीस हजार रुपए का वितरण किया जा चुका है। इस योजना का मुख्य महत्व यह रहा कि बैंक ऋण के अलावा भी महिलाओं को कम ब्याज दर पर ऋण मिलने के कारण वह अपना रोजगार बढ़ाने में सफल रही है।

# कृषक उत्पादक समूह योजना

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से महिला बकरी पालन प्रोड्यूस कंपनी योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत संस्था द्वारा 2 अप्रैल 2018 को एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का अडूका में आयोजन किया गया।

संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि बकरी पालन व्यवसाय को एक आय सर्जन गतिविधि से जोड़ा जाए व महिला बकरी पालन प्रोडूयस कंपनी के तहत सस्ती दर पर ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा जिससे इस व्यवसाय को एक बड़े उद्योग के रूप में स्थापित कर सकें। इस कार्यशाला में अडूका सरपंच मोहनलाल, कंपनी के सीईओ भंवर सिंह, अमित जांगिड़, श्रीमती मेवा देवी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## संस्थान का कार्यक्षेत्र



# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से मुख्यमंत्री निशुल्क दवा वितरण योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत् डाटा एन्ट्री ऑपरेटर उपलब्ध करवाए गए। बेटी बचाओ अभियान, पल्स पोलियो अभियान व विटामिन-ए के लिए प्रचार-प्रसार का कार्य किया। संस्था द्वारा समय-समय पर संस्था कर्मियों को विभिन्न विभागों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भिजवाया गया।

## सम्मान और अभिनंदन

वर्ष 2019-20 में संस्था सचिव को समाज सेवा, ग्रामीण परिवेश व युवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर 24 दिसंबर 2019 को इन्डो-नेपाल समरसता अवार्ड व नेपाल सरकार के प्रथम उप राष्ट्रपति महोदय का आशीर्वाद -पत्र ( अभिनंदन-पत्र ), गोल्ड मैडल, साफा, शॉल, प्रशस्ति पत्र से जयपुर के केसर बाग मैरिज गार्डन में नेपाल के उप राष्ट्रपति कार्यालय के सलाहकार महावीर व पूर्व शिक्षा मंत्री बृज किशोर व दैनिक दुनिया के प्रधान संपादक द्वारा सम्मानित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के शुभारंभ पर 2 मार्च 2020 को महिला सशक्तिकरण पर उत्कृष्ट व प्रशंसनीय कार्य करने पर तकनीकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग के मुख्य आतिथ्य व महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती ममता भूपेश की अध्यक्षता, विशिष्ट




संस्था को सम्मानित करते मंचासीन अतिथिगण।

शासन सचिव महिला एवं बाल विकास केके पाठक, पवन के हंस आयुक्त महिला अधिकारिता, श्रीमती प्रतिभासिंह निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग आदि द्वारा संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान दुर्गापुरा जयपुर में 'विशिष्ट महिला सम्मान' से पुरस्कृत किया गया।




अतिथियों के करकमलों द्वारा सम्मानित होते संस्था सचिव राजेश अग्रवाल

## ये भी योजनाएं हुई संचालित

भारत सरकार, राजस्थान सरकार, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड ), नेहरू युवा केन्द्र व जिला प्रशासन सीकर, झुंझुनूं, अजमेर व चूरू आदि के सौजन्य से संचालित परियोजनाएं

### वर्ष 2019–2020 Funded By

- पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम (Envoirnment Conservation Programmes)
- स्वयं सहायता समूह (S.H.G) JhunJhunu 250, Sikar 200
- दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन सीकर व चूरू (N.U.L.M.)
- सड़क सुरक्षा
- राजीव गांधी शिशु पालना गृह ( क्रेच ) (Creach)
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र, चूरू (A.W.T.C.)
- महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र झुंझुनूं व अजमेर (M.S.S.K.)
- भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम (F.F.k~ & C.M.)

# जिला पर्यावरण सुधार समिति

**संस्था की ओर से संचालित भारत सरकार, राजस्थान सरकार, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक ( नाबार्ड ), नेहरू युवा केन्द्र व जिला प्रशासन सीकर, झुंझुनूं, अजमेर व चूरू आदि के सौजन्य से संचालित परियोजनाओं की सूची**

## वर्ष 2019-2020 Funded By

1. पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम (Envoirnment Conservation Programmes)
2. स्वयं सहायता समूह (S.H.G) JhunJhunu 250, Sikar 200
3. दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन सीकर व चुरू (N.U.L.M.)
4. सड़क सुरक्षा
5. राजीव गांधी शिशु पालनागृह क्रेच (पालनागृह) (Creach)
6. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र, चूरू (A.W.T.C.)
7. महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र झुंझुनूं व अजमेर (M.S.S.K.)
8. भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम (F.F. & C.M.)
9. राजस्थान वानिकी एवं जैव विविधता परियोजना –II(R.F.B.P.)
10. स्वयं सहायता समूहों को आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से ऋण प्रदानं करना।
11. बालिका आवासीय गृह, चूरू
12. चाइल्ड हैल्प लाइन, चूरू नई दिल्ली 1098
13. सखी वन स्टॉप सेन्टर चूरू, झुंझुनूं व अजमेर।
14. स्वयं सहायता समूह को डिजिटलाइजेशन कार्यक्रम।
15. राष्ट्रीय महिला कोष मुख्य ऋण योजना (R.M.K.)

# मीडिया में हमारी सशक्त मौजूदगी

कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001

समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 20.........20.........

## राष्ट्रदूत
Rashtradoot

### मेरी सांस-मेरा पेड़ अभियान का शुभारंभ कलेक्टर रवि जैन ने किया



कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.) 333001

समाचार पत्रो की कतरने वर्ष 2019.....2020...

## शेखावाटी

### नगर परिषद के एजेंडे में शामिल होगा 'मेरी सांस मेरा पेड़' अभियान : उप सभापति



## खबरों की दुनिया

### स्वधार गृह का शुभारम्भ



निजी संवाददाता

झुंझुनूं। महिलाओं के सर्वांगीण विकास व स्वाधार गृह के माध्यम से पिछड़ी तथा भटकी महिला को आश्रय व सुरक्षा मिलेगी। यह विचार जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित स्वाधार गृह के शुभारम्भ पर महिला एंव बाल विकास विभाग उप निदेशक विप्लव न्योला ने व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पवन पुजारी ने की। जिन्होंने कहा कि जिले को एक सौगात के रूप में कार्यक्रम मिला है जिससे महिला उत्थान में सहयोग मिलेगा। विशिष्ट अथिति सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नरेश बारोठिया ने बताया कि उपरोक्त परियोजना भारत सरकार के महिला एंव बाल विकास मंत्रालय द्वारा अनुदानित है। यह स्वाधार गृह 30 महिलाओं के आवासीय सुविधा युक्त है, जो 24 घंटे खुला रहेगा। जिसमें एक केंद्राधीक्षक, 1 परामर्श दाता, 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर, 2 गार्ड रहेंगे। कार्यक्रम में संस्था उपाध्यक्ष भावना शर्मा, निदेशक सुल्ताना बानो लियाकत अली, ललित टीबरा, मक्खन पुजारी, रामधारी, एडवोकेट पारस सैन, सी.ए. लोकेश अग्रवाल, प्रदीप पाटोदिया, डॉ. डीएन तुलस्यान, डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, चंद्र प्रकाश जालान, एडवोकेट अंजू शर्मा, सियाराम शर्मा, देवी दत्त, केंद्राधीक्षक वंदना सैनी, परामर्शदाता दीपिका चौधरी, आरती शर्मा, रेखा चौधरी, धनपति देवी, मंजू शर्मा आदि उपस्थित थे। संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस केंद्र को 1 मार्च 2020 से प्रारम्भ कर दिया गया है। उक्त केंद्र पुलिस विभाग के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। इसमें पीड़ित व भटकी हुई महिलाओं को आश्रय मिलेगा।

कार्यालय झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति

## राष्ट्रदूत

### वो लोग किस्मत वाले होते हैं जिन्हें बेटियां नसीब होती है : एजाज नबी



## राजेश इंडो-नेपाल समरसता अवॉर्ड से सम्मानित



चूरू | जिला पर्यावरण सुधार समिति सचिव व चाइल्ड लाइन चूरू के निदेशक राजेश अग्रवाल को जयपुर में इंडो-नेपाल समरसता अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें गोल्ड मेडल, साफा, शॉल, प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बृज किशोर शर्मा थे। इस अवसर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, बाल न्यायालय के सदस्य रामेश्वर प्रजापति, आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक वैद्य रामावतार शर्मा, महिला बाल विकास विभाग के सहायक निदेशक संजय कुमार, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अशफाक खान, कांग्रेस नेता उमाशंकर आदि ने अभिनंदन किया।

## बालश्रम निषेध की शपथ दिलाई

न्यूज सर्विस/नवज्योति, चूरू

यहां मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम व बालिका आश्रय ग्रह के संयुक्त तत्वावधान में चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक कपिल भाटी ने अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर 50 से अधिक महिलाओं को शपथ दिलाई गई। शपथ में महिलाओं ने यह शपथ ली की हम स्वयं कभी बाल श्रम नहीं करवाएंगे और नहीं किसी भी प्रकार के बाल श्रम को बढ़ावा देंगे। यदि हमें कहीं कोई बच्चा श्रम करता हुआ दिखाई देता है तो इसकी सूचना तुरंत 1098 पर देंगे और जो बाल श्रम करवाएगा हम उन दुकानों संस्थाओं कारखानों और बाजारों का बहिष्कार करेंगे। शपथ ग्रहण में बालिका आश्रय गृह के गुड्डी देवी सोमरा, चाइल्ड लाइन के किशन वर्मा, पूनम चौहान, जयकरण कांटीवाल, जितेंद्र, भंवरी देवी आदि मौजूद थे।

दैनिक अंबर ▸ 13 जून, 2019 ▸ गुरुवार

## पीढ़ियों के सुव्यवस्थित जीवन की सुरक्षा का संदेश

दैनिक अंबर



चूरू(नि.स.)। सी.डि.पी.यु चूरू ग्रामीण कार्यालय के प्रांगण में जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर चूरू के द्वारा "महिला उत्पीड़न रोकथाम एवम नारी सुरक्षा" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता संजय कुमार उपनिदेशक महिला एवम बाल विकास विभाग चूरू ने कहा कि सखी केन्द्र के मुख्य कार्य एक ही छत के नीचे महिला सुरक्षा के लिए सुलाह,सहायता महिलाओं को सरकार द्वारा दी जाती है। इसके लिए महिला कॉउंसलर,विधिक सहायता, चिकित्सा सुविधा,पुलिस सहायता व आश्रय की सुविधा यहां दी जाती है। ये सुविधाएं 24 घंटे नारी सुरक्षा के लिए उपलब्ध है, इसका जन-जागरण हमें समय-समय पर करना चाहिए। संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि महिला एक देवी का रूप होती है वह धन के रूप में लक्ष्मी,विद्या के रूप में सरस्वती,शक्ति के रूप में दुर्गा का अवतार होती है इसके मान-सम्मान में हमें कहीं कमी नहीं रखनी चाहिए। कार्यक्रम में पुनम चौहान,विमला प्रजापत,तरन्नुम खान,मंजू जाट,संजय,नरेन्द्र महर्षी,करणपाल सिंह आदि ने सहभागिता दी।

## पर्यावरण सुधार समिति को बांटे एक हजार मास्क

झुंझुनूं। कोरोना वायरस की रोकथाम की जन जागरूकता के लिए संस्थान जिला पर्यावरण सुधार समिति की आपातकालीन बैठक का आयोजन संस्था के अध्यक्ष व कमरूद्दीन शाह दरगाह के गद्दीनशीन एजाज नबी की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छींकों से, खांसी से, इस वायरस का संक्रमण दूसरे स्थान, वस्तु व व्यक्ति को संक्रमित न करें इसके लिए संस्थान अपने कार्यालय दादाबाड़ी, राजकीय बालिका महल स्कूल के सामने अपना स्वाधार गृह में सोमवार से हर दिन 100 जरूरतमंदों को 1000 मास्कों का निशुल्क वितरण करेगी। संस्था सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि 22 मार्च को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जनता कर्फ्यू सफल बनाने के लिए संस्था के कार्यकर्ता जन-जन को जागृत कर इस अभियान को सफल बनाने के प्रयास में जुट गए है।

र, सोमवार 2 मार्च, 2020

## राजेश अग्रवाल को आज मिलेगा जयपुर में सम्मान



झुंझुनूं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के शुभारंभ दो मार्च के अवसर पर महिला सशक्तिकरण पर उत्कृष्ट व प्रशंसनीय कार्य करने पर राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग जयपुर के द्वारा झुंझुनूं जिले से तत्कालीन जिला कलेक्टर एवं वर्तमान परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव रवि जैन की अनुशंषा पर समाजसेवी व जिला पर्यावरण सुधार समिति के सचिव राजेश अग्रवाल को 'विशिष्ट महिला सम्मान' राज्य कृषि प्रबंध संस्थान दुर्गापुरा जयपुर में नवाजा जाएगा। ये जानकारी डॉ. कमलिनी द्रविड़ कार्यक्रम निदेशक मुख्यालय महिला अधिकारिता जयपुर द्वारा पत्र के माध्यम से दी गई है। ज्ञात रहे अग्रवाल को वर्ष 2019 में इंडो नेपाल समरसता अवार्ड, वर्ष 2017 में राज्य स्तरीय गरिमा बालिका संरक्षण पुरस्कार व वर्ष 2004 में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त हो चुके है।

**खबरें फटाफट**

## नवजीवन योजना का मिलेगा फायदा

झुंझुनूं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आदेश अनुसार संपूर्ण राजस्थान भर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चलाई गई नवजीवन योजना का फायदा झुंझुनूं के पात्र लोगों को भी मिलेगा। जिला पर्यावरण सुधार समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बताया कि इस योजना के तहत कंजर, सांसी, नट, भांड, ढोली, कोमिया, बावरिया, चोपदार, डोम, राणा, मोगिया, बेड़िया, मागरिया, सिरकीवाला व चोपदार आदि जातियों के संपूर्ण विकास के लिए जैसे बच्चों की शिक्षा, युवाओं को आवश्यकता अनुसार हुनर प्रशिक्षण ऋण व अन्य राजकीय सुविधाओं के लिए संपूर्ण पंचायत समिति क्षेत्र झुंझुनूं व नगर परिषद झुंझुनूं व नगर पालिका बगड़ का चिह्नीकरण के लिए स्वयंसेवी संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति को अधिकृत किया गया है। अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा चिह्नीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिला संयोजक ललितकुमार शर्मा बड़ागांव को बनाया गया है। अग्रवाल ने अपील की है कि उपरोक्त श्रेणी की जातियों में से कोई परिवार वंचित रह जाता है तो संस्था के कार्यालय दूरभाष नंबर 01592-230952 291134 पर संपर्क कर अपना विवरण दे सकते हैं।

## घूंघट हटाने के लिए प्रेरित करने पर मिलेगा पुरस्कार

चूरू (पीयूष शर्मा): सामाजिक सुधार के क्षेत्र में अग्रणी जिला पर्यावरण सुधार समिति ने राजस्थान में सदियों से चली आ रही घूंघट प्रथा उन्मूलन की दिशा में नवाचार किया है। संस्था सचिव राजेश अग्रवाल के मुताबिक 31 मार्च 2020 तक चूरू जिले की समस्त कार्यकर्ता व सहायिकाएं अपने क्षेत्र में 15-15 महिलाओं को घूंघट हटाने के लिए प्रेरित कर इस कुप्रथा के उन्मूलन को बढ़ावा देंगी।

स्वयं की ओर से किए गए उक्त कार्य के बारे में अपने सरपंच व महिला पर्यवेक्षक से लिखित प्रमाणित प्रति जमा कराने वाली प्रथम पांच कार्यकर्ता व सहायिकाओं को संस्था की ओर से 11 सौ रुपए नकद व प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

## चाईल्ड हैल्प लाइन ने परिजनों से मिलाया बच्चों को

पीयूष शर्मा
पंजाब केसरी/चूरू

चाईल्ड हैल्प लाइन टीम ने गत 19 दिसंबर से घर से लापता दो बच्चों को उनके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाया। जिला समन्वयक कपिल भाटी के मुताबिक 26 दिसंबर को रात करीब नौ बजे सूचना मिली कि दो नाबालिग बच्चे घर से लापता हैं। जो रोज रात को लोहिया कॉलेज ग्राउंड में सो रहे हैं। भाटी व टीम के सदस्य किशन वर्मा ने मौके पर पहुंचकर बच्चों से बातचीत की सूचना दी। राजकीय भरतिया अस्पताल में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच के बाद उन्हें रात भर चाईल्ड हैल्प लाइन ऑफिस में रखा।

बच्चों की गुमशुदगी रतनगढ़ थाने में दर्ज है। शुक्रवार को बच्चों को बाल कल्याण समिति के आदेश पर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चों को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाने में वार्ड 18 निवासी याकूब खान, नदीम खान व फरियाद खान ने भी सहयोग किया।

## बालिका आश्रय गृह की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए : कलेक्टर



## 'महिला जागरूकता के साथ आगे बढ़े'

[illegible]

# "राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 200 2-2003"

## युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

## "राज्य स्तरीय गरिमा बालिका संरक्षण पुरस्कार 2016"

भारत –सरकार व राज्य–सरकार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संस्था का रजिस्ट्रेशन न.

1. **Reg. No. :- jjn/102/91-92**
2. **FCRA No. :- 125620017**
3. **PAN No. :- AAATJ5362J**
4. **80G No. :- J./06-07/1998/J.1**
5. **12A. :- 204/15**
6. **Nyk No.:- JHUNJHUNU/2002-2003/07**
7. **LABOUR DEPT.:- SHJ/5222/2005**
8. स्वैच्छिक क्षैत्र विकास केन्द्र से सदस्यता प्रमाण पत्र–प.4(12)स्वै.वि.के. / आयो / 13 / स.क.–195
9. महिला एंव बाल विकास विभाग जयपुर द्वारा सेवाप्रदाता पंजीकरण प्रमाण पत्रः– **16**(1)(38)निमअ / 09 / से.प्र.–11

15. चिकित्साए वं स्वास्थय परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रदत खाद्‌य सुरक्षा प्रमाण पत्र– 12217031000006 दिनांक 04.01.2017
16. **GST Regstration No. 08AAATJ5362J3ZE Date 14-05-2018**
17. **Contact labour (Regulation and Abolition) Act, 1970 Date 08-02-2019**
18. **E.S.I. Act 1948 and Registration Employees Date 05 -08-2016**
19. **Employees' Provident Fund Act, 1952 Date 07-09-2019**
20. **State Bank of India :- 30616687773**
21. **HDFC Bank :- 13121450000217**
22. **ICICI Bank :- 671501700531**

## राजस्थान सरकार द्वारा विभिन्न राजकीय विभागो व उपक्रमों में मनोनीत सदस्य

1. राष्ट्रीय महिला कोष नई दिल्ली **AGM** बैठक का सदस्य।
2. राजस्थान वॉलन्टरी हैल्थ एसोसियन जयपुर की प्रबंध कार्यकारिणी का सदस्य।
3. सी.एन.आर.आई. दिल्ली के राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष।
4. श्रीमती डॉ0 भावना शर्मा जिला एवं सेशन न्यायाधीश झुंझुनूं द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम 2013 के अधीन गठित कमेठी का सदस्या के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई।
5. जिला यातायात समितिः— जिला परिवहन अधिकारी झुंझुनूं।
6. ''बेटी बचाओ बेटी पढाओं''अभियान के जिला स्तरीय टॉस्कफोर्स का सदस्यः— जिला कलेक्टर झुंझुनूं व चूरू।
7. जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग सैल समिति स्थानीय सांसद के अध्यक्षता में सदस्य।
8. सांसद आदर्श ग्रांम योजना (एसजीवाई) की समिति का सदस्य।
9. राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम की जिला स्तर की समीक्षा समिति का सदस्य।
10. जिला स्तरीय सलाहकार समिति केन्द्रीय भू—जल दोहन हेतू जिला कलेक्टर सीकर।
11. डीआरजी (**District Resource Group**) का सदस्य महिला एवं बाल विकास विभाग चूरू ।
12. राज्य में विकेन्द्रीकृत एंव सहभागी ग्राम पंचायत विकास योजना की जिला स्तर पर कमेठी के सदस्य कार्यालय मुख्य आयोजना अधिकारी झुंझुनूं
13. मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन योजना की जिला स्तरीय समिति के सदस्य कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद झुंझुनूं
14. श्रीमती मंजू शर्मा को कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतू कार्यालय में आन्तरिक शिकायत समिति के गठन की सदस्या बनाया गया। राज्य बीमा एवं प्रा.नि विभाग झुंझुनूं।
15. राज्य बालिका नीति क्रियान्वयन एवं पर्यवक्षण हेतू जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी चूरू का सदस्य ।
16. चाइल्ड लाइन एडवाइजरी बोर्ड चूरू के सचिव
17. कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, चूरू के संरक्षण अधिकारी व आउटरीच वर्कर के साक्षात्कार कमेटी के चयनित सदस्य।
18. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झुंझुनूं जिला विधिक सेवा जागरूकता टीम में बंदियों के डेटा संग्रहण / कानूनी जानकारी / सलाह / सहायता प्रदान करने चयनित सदस्य।
19. सखी केन्द्र के अन्तर्गत जिला टास्क फोर्स कमेटी श्रीमती गुडडी देवी प्राचार्य आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र चयनित सदस्य।

## संस्था जिला पर्यावरण सुधार समिति द्वारा संचालित परियोजना में कार्यरत मानदेय कर्मियों की सूची

| क्र.सं. | नाम | योग्यता | पद | परियोजना का नाम | स्थान | फोन नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुश्री दुर्गा माहीच | एलएलबी | केन्द्राधीक्षक | वन स्टॉप सखी सेन्टर | अजमेर | 9928071545 |
| 2 | श्रीमती प्रिती शर्मा | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | 0145-2627155 |
| 3 | श्रीमती सविता शर्मा | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 4 | श्रीमती मोहनी देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 5 | सुश्री दुर्गा धारीवाल | बी.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 6 | नितेश कुमार मेघवंशी | बी.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 7 | आलोक त्रिपाठी | बी.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 8 | श्री रितेश पिंगल | 10 वीं पास | गार्ड | | | |
| 9 | श्री रविन्द्र चौहान | 10 वी पास | गार्ड | | | |
| 10 | श्रीमती उषा रानी | 12 वी पास | गार्ड | | | |
| 11 | श्रीमती सोनू देवी | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 12 | श्रीमती नीरू ढलवाल | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 13 | श्रीमती सुधा | साक्षर | हैल्पर | | | |
| 14 | श्रीमती मैना कुमारी | एम.ए. समाजशास्त्र | केन्द्राधीक्षक | वन स्टॉप सखी सेन्टर | चुरू | 01562-250919 |
| 15 | श्रीमती जनिता चाहर | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 16 | कुमारी पुनम कंवर | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 17 | श्रीमती रमा शर्मा | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 18 | श्रीमती अनुराधा देवी | एम.ए. समाजशास्त्र | परामर्शदाता | | | |
| 19 | श्रीमती राजेश देवी | बी.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 20 | श्रीमती अनिता कस्वा | बी.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 21 | श्री अंकित सैनी | बी.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 22 | श्रमीती संतोष देवी | बी.ए. | हैल्पर | | | |
| 23 | श्रीमती विमला देवी | बी.ए. | हैल्पर | | | |
| 24 | श्रीमती शारदा कंवर | बी.ए. | हैल्पर | | | |
| 25 | सुश्री श्रृद्धा शर्मा | एल.एल.बी0 | परामर्शदाता | महिला सुरक्षा एंव सलाह केन्द्र | अजमेर | 6375887229 |
| 26 | सुश्री मोनिका देवी | एल.एल.बी0 | परामर्शदाता | | | 9352131202 |
| 27 | श्रीमती गुड्डी देवी | बी.ए. बी.एड | मुख्य अनुदेशिका | आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र | चुरू | 01562-250700 |
| 28 | श्रीमती अनु कवंर | एम.एस.सी. होम साईन्स | अनुदेशिका | | | |
| 29 | श्री शिल्की अग्रवाल | बी.कॉम | लेखाकार | | | |
| 30 | श्री मुकेश वर्मा | एम.ए. | कम्पयूटर ऑपरेटर | | | |
| 31 | कुमारी उषा तनान | एम.ए. बी.एड. | वार्डन | | | |
| 32 | श्री करणी सिंह | 12 वी | कुक | | | |
| 33 | श्रीमती अर्चना पुनिया | एम.ए. समाजशास्त्र | केन्द्राधीक्षक | बालिका आश्रय गृह | चुरू | 01562-250813 |
| 34 | श्रीमती भंवरी देवी | एम.ए.समाजशास्त्र | आउट रीच वर्कर | | | |
| 35 | श्रीमती मंजू शर्मा | 12 वी | आउट रीच वर्कर | | | |
| 36 | श्री कपिल भाटी | एम.ए. समाजशास्त्र | जिला समन्वयक | चाईल्ड लाईन 1098 | चुरू | 01562-250813 |
| 37 | कुमारी पूनम कंवर | एम.ए. समाजशास्त्र | टीम मेंम्बर | | | |
| 38 | श्री जयकरण | 12वी | टीम मेंम्बर | | | |
| 39 | श्री किशन वर्मा | 12 वी | टीम मेम्बर | | | |
| 40 | श्री ललीत शर्मा | बी.ए. | टीम मेंम्बर | | | |
| 41 | श्री समीर पठान | बी.ए. | टीम मेंम्बर | | | |
| 42 | श्री जितेन्द्र जाट | बी.ए. | हैल्पर | | | |
| 43 | श्री चन्द्र प्रकाश जालान | एम.कॉम | लेखाकार | संस्था कार्यालय | झुंझुनू | 01592-230952 |
| 44 | श्री देवी दत्त | एम.ए. | कार्यकर्ता | स्वंय सहायता समूह | | 7425910368 |
| 45 | श्री सजंय कुमार | 8 वी | कार्यकर्ता | | | 9468674461 |
| 46 | श्री राजकुमार कुमावत | एम.ए. समाजशास्त्र | क्षैत्रीय प्रबंधक | | सीकर | 9461544152 |
| 47 | श्री रामावतार पारीक | एम.ए.समाजशास्त्र | जिला समन्वयक | | | 9799282898 |
| 48 | मोहम्मद सोयब तंवर | एम.बी.ए. | एरिया कोर्डिनेटर | | | 7742521190 |
| 49 | श्री संतोष सैनी | बी.ए. | कोर्डिनेटर | | | 9782225062 |
| 50 | श्रीमती वंदना सैनी | एम.ए. | केन्द्राधीक्षक | अपना स्वाघर गृह योजना | | 01592-230952 |
| 51 | श्रीमती दिपका चाहर | बी.बी.एड | परामर्शदाता | | | |
| 52 | कुमारी आरती शर्मा | बी.ए. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | | | |
| 53 | श्रीमती धनपती देवी | 10 वी | गार्ड | | | |
| 54 | कुमारी रेखा चोधरी | 10 वी | गार्ड | | | |
| 55 | श्रीमती माया देवी | बी.ए. | क्रेच कार्यकर्ता | लालोड़ा पपूरना | लालोड़ा | 9887215962 |
| 56 | श्रीमती संतोष देवी | 12 वीं | क्रेच सहायिका | | | |

Reg.No. JJN/102/1991-92

# जिला पर्यावरण सुधार समिति

## JHUNJHUNU ZILA PARAYAVARAN SUDHAR SAMITI

**Head Office**
Near Chomalo ki kutiya
Opp.Gov.Girls mahal School
Ward No.37 Jhunjhunu (Raj.)
Email.jzpss_c1@yahoo.co.in
01592-230952, 9414080952

**ISO Registration No.**
9001:2015

www.jzpss.org.

**Branch Office**
Anganbari Worker Training Centre
Jyoti Nagar-Agarsen Nagar
Churu (Raj.) Ph. 01562-254586
250700/ 813
jjnjzpss@gmail.com

Ref. No.: JZPSS/

Dated:

## संस्था की आम सभा दिनांक 15 मई 2018 में निर्वाचित प्रबंन्ध कार्य कारिणी की सूची

## Exeutive Committee for the year 2018-21

| Designation | Name | Profession | Address | Telephone No. |
|---|---|---|---|---|
| President | Ajaj Nabi | Social worker | Idgaah Road Kamrudin shah ki dhargaah Jhunjhunu | 9414800961 |
| Vice President | Dr. Smt. Bhawana Shrma | Leacture | Modiyo Ki Jav Jhunjhunu | 7877385350 |
| Secretary | Rajesh Agarwal | Social Worker | Near Bank of Rajshthan Buildiang Singhana, Distt. Jhunjhunu | 01593-222613 9414080952 |
| Trasurer | Ravi Prakash Agarwal | Businessman | Ravi Misthan Bhandar Singhana, jhunjhunu0 | 01593-22058 |
| Exe. Member | Smt. Sultana Bano | Madersa Peara Teacher | D/o Niyad Moh. Khan Dhandhuri Dist. Jhunjhunu | 9829462648 |
| Exe. Member | Liyakt Ali | Property Dealer | Mohalala Khora jhunjhunu | 9887426786 |
| Exe. Member | Anwar Ali | Industrialist | C-28 Indira Nagar Jhunjhunu | 9414305925 |
| Exe. Member | Kishan Verma | Social Worker | ward No. 21 Churu | 9887200546 |
| Exe. Member | Smt. KiranBiyala | Advocate | Housing Board jhunjhunu | 9414332111 |

अध्यक्ष
(ऐजाज नबी)
अध्यक्ष
झुंझुनूं जिला पर्यावरण सुधार समिति
झुंझुनूं (राज.)

सचिव
(राजेश अग्रवाल)
सचिव
झुन्झुनू जिला पर्यावरण सुधार समिति

कोषाध्यक्ष
(रवि प्रकाश अग्रवाल)
कोषाध्यक्ष
झुन्झुनू जिला पर्यावरण सुधार समिति

FCRA No. 125620006 , 80G No. J./06-07/1998/J.1,Registered under RGUMY (MSME) UM Code. UMRA053000437
Affiliated with NYK No. NYK/Jhunjhunu/2002-2003/07,PAN No. AAATJ5362J

जिला पर्यावरण
सुधार समिति

जिला पर्यावरण सुधार समिति
ESTD 1991
Z.P.S.S.




राजकीय महल उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय के सामने, वार्ड न. 37 झुन्झुनू (राज.) 333001
Tel.& Fax No. :- 01592-230952, 239089 E-mail : jzpss_c1@yahoo.co.in,
jjnjzpss@gmail.com, childline1098churu@gamil.com
Website :- www.jzpss.org